# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001

☎(0591) 3511043 ✉ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 1569 / दै० समा० पत्र / 31 दिनांक 18/06/2026

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय – ई–दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 17.06.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "भरतावाला में खोदी गई सड़क बनी नाली, लोग परेशान" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 17.06.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक" भरतावाला में खोदी गई सड़क बनी नाली, लोग परेशान" की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | ठाकुरद्वारा। गांव भरतावाला में तीन वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई सड़क की अभी तक मरम्मत नहीं हुई है। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण कई जगहों पर सड़क नाली जैसी हो गई है।<br>ग्राम पंचायत भरतावाला में करीब तीन वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन का कार्य शुरू हुआ था। ओवरहेड टैंक बना। इस ओवरहेड टैंक से ग्राम पंचायत नन्हूवाला, इनायत नगर और आजाद नगर में भी पानी की आपूर्ति होनी है लेकिन अभी तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। ग्राम प्रधान जगवती और उनके पति शंकर सिंह ने बताया कि खोदी गई सड़कों को पाइपलाइन डालने के बाद ऐसे ही छोड़ दिया गया है। क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। कुछ स्थानों पर बीच में खोदी गई सड़क नाली के रूप में बदल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन में लापरवाही के चलते उन्हें परेशानी ज्यादा हो रही है और इस योजना का अबतक लाभ भी नहीं मिला है। ग्राम प्रधान का कहना है कि वह इस संबंध में एसडीएम और बीडीओ से शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक मरम्मत नहीं हुई है। जल जीवन मिशन के ठेकेदार से इस बारे में शिकायत करने पर उसने शीघ्र मरम्मत करने और पानी की आपूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया है। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 303831 नग पेयजल गृह सयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं **पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025** द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है।<br>**प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम भरतवाला की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**ग्राम भरतावाला** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पम्प हाउस व बाउण्ड्री वॉल, वितरण प्रणाली बिछाने एवं उच्च जलाशय के कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको के पुर्नस्थापना के कार्य लगभग 85 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के समस्त कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। ग्राम की सडको को मोटरेबल करने का कार्य प्रगति पर है, अग्रिम 1 सप्ताह में शेष काटी गयी सडको को मोटरेबल करा दिया जायेगा। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता